चिकित्सा शिविर में आज जांचे 550 मरीज

अम्बाला (कुलदीप अरोड़ा) –अबाला हैल्थकेयर एवं वैल्फेयर सोसायटी द्वारा पंचायत भवन अबाला शहर में हृदय और दिमाग की बिमारियों की जांच के लिए लगाये गये विशाल चिकित्सा शिविर के दूसरे दिन भी 550 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दो दिवसीय शिविर में 500 से अधिक मरीजों की ईसीजी, ईको की जांच की गई तथा शिविर मे आने वाले सभी मरीजों का रक्तचाप और ब्लड शुगर ी जांचा गया। हृदय रोग विशेषज्ञ डा0 के.पी. सिंह ने कहा कि हृदय संबधी बिमारियों से लबे समय तक स्वस्थ्य रहने के लिए दवाईयों की बजाय व्यक्ति को अपने खान-पान और नियमित दिनचर्या अपनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सक द्वारा जांच के उपरांत दवाईयां देने के बावजूद यदि कोई व्यक्ति अपना खान-पान और दिनचर्या नहीं सुधारता तो लबे समय से हृदय घात से सुरक्षित नहीं रह सकता। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए नियमित रूप से खुली हवा में सैर करना भी जरूरी है ताकि फेफड़ों और हृदय को पर्याप्त ऑक्सीजन मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि व्यक्ति को व्यर्थ के तनाव से भी बचना चाहिए क्योंकि हृदय रोग के मरीजों की बढ़ौतरी का मुय कारण तनाव अधिक होना है। यह शिविर मेदांता हॉस्पीटल गुड़गांव के सहयोग से लगाया गया था और शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डा0 गगनदीप सिंह, एस.के. तनेजा व के.पी. सिंह के अतिरिक्त न्यूरोलोजिसट डा0 दलीप सिंह सोमवंत ने मरीजों की जांच की।